# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।

पत्रांक– 1340 /14 –1(कैम्प चन्दौसी) दिनांक 11-05- 2022।

सेवा में,

वन संरक्षक एंव क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

विषय :– भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, बरेली टेरीटरी द्वारा जनपद सम्भल में सम्भल–बहजोई मार्ग (एस0एच0–51) के किमी0 स्टोन सं0 79 की बांयी पटरी पर खसरा संख्या 325 स्थित ग्राम पवांसा, तहसील सम्भल, जनपद–सम्भल पर निर्माणाधीन रिटेल आउटलेट(पेट्रोल पम्प) के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.1777 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 02 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– Online Submission Proposal No. FP/UP/Others/47337/2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक कम में खसरा संख्या 325 स्थित ग्राम पवांसा, तहसील सम्भल, जनपद–सम्भल पर भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड बरेली टेरीटरी द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट(पेट्रोल पम्प) के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.1777 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 02 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्राविधानों के अनुसार प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्रों में वेबसाईट पर पार्ट–2 की ऑनलाईन प्रविष्टि करते हुये 04 प्रतियों में संस्तुति सहित मूल में संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। प्रस्तावित स्थल पर रिटेल आउटलेट(पेट्रोल पम्प) निर्माण से सम्भल वन प्रभाग, सम्भल के अन्तर्गत किसी भी प्रकार से वन एवं वन्य जीवों के हित प्रभावित नहीं होंगे। कृपया अपने स्तर से अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करते हुये प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित करना चाहें।

**संलग्नकः–प्रस्ताव की 04 प्रतियां मूल में।**

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।

संख्या– / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि–मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–श्री संजय आनन्द, प्रादेशिक प्रबन्धक(रिटेल), भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, बरेली टेरीटरी पी0ओ0एल0 बल्क डिपोट पोस्ट नूरपुर, तहसील आंवला, जिला बरेली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अरविन्द कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।